महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of HRD, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

आवेदन की अन्तिम तिथि 13/6/2019

योग्य उम्मीदवारों की अधिसूचना 18/6/2019

आनलाईन-आवेदन अधिसूचना

वेद-भूषण की बाह्य परीक्षा प्रणाली

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा पारम्परिक सस्वर वेद छात्रों हेतु बाह्य परीक्षा प्रणाली आरम्भ की जा रही है, जिसमें ऐसे छात्र जो प्रतिष्ठान की नियमित वेद शिक्षा प्रणाली अथवा पाठशाला/गुरुशिष्य परम्परा योजना इकाई से वर्तमान में नहीं जुड़े है/पारम्परिक सस्वर वेद अनुदान प्राप्त नहीं कर रहे हैं/वे इस बाह्य परीक्षा प्रणाली के माध्यम से वेद-भूषण की परीक्षा में **आनलाईन-आवेदन** कर भाग ले सकते है। **इस परीक्षा में उत्तीर्णता के आधार पर पूर्व अध्ययन की कोई छात्रवृत्ति अथवा रेंकिंग का आर्थिक लाभ नहीं मिलेगा।**

वेद-भूषण की **बाह्य परीक्षा प्रणाली में वेद की मौखिक** एवं **आधुनिक विषयों (संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, सामा. विज्ञान की लिखित परीक्षा** आयोजित कराई जाएगी। इसमें जो **वेद** छात्र परम्परागत पद्धति से अपने गुरु के अधीन रहकर सस्वर वेद शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, वे प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित होने वाली वेद-भूषण परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। प्रतिष्ठान के पाठ्यक्रम के अनुसार सस्वर वेद एवम् आधुनिक विषय परीक्षा आयोजित की जाएगी।

वेद एवं शाखा

1. ऋग्वेद - शाकल शाखा
2. शुक्ल यजुर्वेद - माध्यन्दिन शाखा
3. शुक्ल यजुर्वेद - काण्व शाखा
4. कृष्ण यजुर्वेद - तैत्तिरीय शाखा
5. सामवेद - जैमिनीय शाखा
6. सामवेद - रणायानीय शाखा
7. सामवेद - कौथुम शाखा
8. अथर्ववेद - शौनक शाखा
9. अथर्ववेद - पैप्पलाद शाखा

दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 फैक्स (0734-2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in

इनमें सम्बधित वेद की तीन विधाओं में (कण्ठस्थीकरण, स्वरसञ्चालन व उच्चारण) **मौखिक परीक्षा (पाँच दिवस)** एवं आधुनिक विषयों (संस्कृत, अंग्रेजी, गणित व सामाजिक-विज्ञान) की पाँच वर्षों की समेकित **(चार दिवस)** लिखित परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। इस योजना में वे छात्र सम्मिलित हो सकते है जिन्होने दिनांक 1 अक्टूबर 2018 को 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो। वेद-भूषण बाह्य परीक्षा हेतु शुल्क रूपये 1500/- डी.डी. के माध्यम से सचिव, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान के नाम पर देय होगा।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये निम्न अनिवार्य प्रपत्र के साथ आनलाईन-आवेदन करें:-

1. आधार कार्ड जिस में जन्म दिनांक अंकित है।
2. बैंक पासबुक फोटो लगा हुआ एवं पता लिखा हो।
3. शासन द्वारा प्रदत्त विधि सम्मत जन्म प्रमाण-पत्र।
4. छात्र द्वारा सस्वर वेद अध्ययन का शपथ पत्र।
5. वेद गुरु के द्वारा प्रदत्त सस्वर अध्यापन का शपथ पत्र।

आनलाईन-आवेदन पत्र भरकर कर, परीक्षा तिथि के एक दिन पूर्व **सभी मूल हस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र** के साथ महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन कार्यालय में लाना अनिवार्य है। तभी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं, किया जा सकता है। **मूल हस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र एवं अन्य प्रपत्र के अभाव में परीक्षा में** सम्मिलित होने की पात्रता नहीं होगी।

मूल हस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र के साथ एक स्वसत्यापित छायाप्रति लाना अनिवार्य है। **मूल हस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र एवं अन्य प्रपत्रों को वापस नहीं किया जायेगा।**

सस्वर वेद अध्यापन का शपथ पत्र

(10 रुपये के गैर न्यायालयीन स्टाम्प)

मैं (वेद गुरु) .... संहितापाठी/पदपाठी/क्रमपाठी/घनपाठी .... वेद की .... शाखा को आयुष्मान् (वेदशिष्य का नाम) .... को वर्ष .... से (English Year; From ----------------to------------------) परम्परागत रूप से **पद्धति के अनुरूप** सस्वर वेद अध्यापन करा रहा हूँ। मैं यह शपथपूर्वक प्रमाणित करता हूँ कि इस छात्र ने वेद संहिता /पदपाठ/क्रमपाठ/घनपाठ/ को प्रतिष्ठान पाठ्यक्रमानुसार **संपूर्ण कण्ठस्थ** किया है एवं वेद भूषण प्रथम से पञ्चम वर्ष परीक्षाओं को संयुक्त रूप से देने के संपूर्ण योग्य है।

मैं .... प्रतिष्ठान की किसी भी पाठशाला/गुरुशिष्य परम्परा योजना में किसी तरह का लाभ प्राप्त नहीं कर रहा हूँ।

यह सस्वर वेद अध्यापन का शपथ पत्र गलत पाये जाने पर छात्र का प्रमाण पत्र निरस्त किया जा सकता है।

हस्ताक्षर वेदाध्यापक ....

नाम - ....

पूर्ण पता - ....

....

दूरभाष - ....

ई-मेल - ....

सस्वर वेद अध्ययन का शपथ पत्र

(10 रुपये के गैर न्यायालयीन स्टाम्प पर)

मैं (वेद छात्र) .... संहितापाठी/पदपाठी/क्रमपाठी/घनपाठी ....वेद की .... शाखा को (वेदगुरु का नाम) .... जी से वर्ष .... से (English Year; From -----------------to-------------------) परम्परागत रूप से सस्वर वेद अध्ययन किया है।

मैं यह शपथपूर्वक प्रमाणित करता हूँ कि मैं .... का संहिता /पदपाठ/क्रमपाठ/घनपाठ/ को प्रतिष्ठान पाठ्यक्रमानुसार **पद्धति के अनुरूप संपूर्ण** कण्ठस्थ किया है एवं वेद भूषण प्रथम से पञ्चम वर्ष परीक्षाओं को संयुक्त रूप से देने में संपूर्ण समर्थ हूँ।

मैं .... प्रतिष्ठान की किसी भी पाठशाला/गुरुशिष्य परम्परा योजना में किसी तरह का लाभ प्राप्त नहीं कर रहा हूँ।

यह सस्वर वेद अध्ययन का शपथ पत्र गलत पाये जाने पर मेरा प्रमाण पत्र निरस्त करने का अधिकार प्रतिष्ठान के पास रहेगा।

हस्ताक्षर अभ्यर्थी ....

नाम - ....

पूर्ण पता - ....

....

दूरभाष - ....

ई-मेल - ....